| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 16.09.2025 | वादी के अधिवक्ता श्री आनन्द बालान उपस्थित।<br>प्रतिवादी संख्या 1 के अधिवक्ता श्री योगेश शर्मा व प्रतिवादी संख्या 2 के अधिवक्ता श्री अभिषेक टावरी उपस्थित।<br>पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 17 रजिस्ट्रेशन एक्ट व धारा 35 भारतीय स्टाम्प अधिनियम पर आदेश अलग से लिखाया जाकर आज सुनाया गया। आदेशानुसार प्रतिवादी संख्या दो का यह प्रार्थना पत्र निस्तारित किया जाता है एवं वादी को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त दस्तावेज दिनांक 03.12.1986 की सत्यप्रति अभिलेख पर रखने हेतु प्रस्तुत करे। इसके पश्चात मूल दस्तावेज उप–महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, सीकर वृत को उक्त निर्देश के साथ भेजा जावे। पत्रावली दिनांक 29.09.2025 को पेश हो। | |